दिनांक: 29.05.2024
समय : 09:00 ए.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- समूचा प्रदेश भीषण गर्मी और तेज़ लू से त्रस्त–चूरू 50 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस के साथ देश का सबसे गर्म स्थान रिकॉर्ड।
- मौसम विभाग ने कहा–कल से तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के आसार।
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बिजली संबंधी शिकायतों का तत्परता से निराकरण करने के दिये निर्देश।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज होगा जारी।

समूचा प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी और लू की लपटों से त्रस्त है। इस बार गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। चूरू जिला 50 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश का सबसे गर्म स्थान रिकॉर्ड किया गया। चूरू में इससे पहले वर्ष 2016 में मई माह में पारा 50 डिग्री के पार पहुंचा था। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पशु पक्षी भी तेज गर्मी से व्याकुल हैं।

.............

पिलानी में भी पारा कल 49 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहां अभी तक सबसे ज्यादा 48 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान 1999 में दर्ज किया गया था। फलौदी में कल तापमान में कुछ कमी आई। वहां पारा 49 डिग्री मापा गया। वहीं श्रीगंगानगर में तापमान बढकर 49 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हमारे संवाददाता ने बातया कि नौतपा की शुरूआत से ही वहां प्रचंड गर्मी का दौर चालू हो गया था।

..............

करौली में भी दिन का तापमान 49 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हनुमानगढ के संगरिया, सीकर के फतेहपुर, धौलपुर, बीकानेर, जैसलमेर और कोटा में तापमान 48 डिग्री के पार चला गया। राजधानी जयपुर में पारा और चढा तथा 46 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ यहां इस सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। रात में भी तापमान में लगातार बढोतरी से लोगों को पेरशानियों का सामना करना पड रहा है। कल भी कोटा में 35 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रात रही।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी 36 घंटों में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान में तेज लू से कल से जबकि पश्चिमी राजस्थान में 31 मई से राहत मिलने के आसार हैं। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 31 मई को राज्य के उत्तरी भागों में कहीं–कहीं मेघगर्जन, आंधी और बारिश की संभावना है। आंधी–बारिश की गतिविधियां राज्य के अधिकांश भागों में 1 और 2 जून को भी होने की प्रबल संभावना है।

इस बीच, प्रदेश में विभिन्न जिलों के प्रभारी सचिव अपने–अपने जिलों का दौरा कर वहां पानी, बिजली और चिकित्सा व्यवस्थाओं सहित अन्य इंतजामों का जायजा ले रहे हैं। प्रभारी सचिव कल दौरे पर पहुंचे। दो दिवसीय दौरे के पहले दिन कल प्रभारियों ने पेयजल और बिजली आपूर्ति की व्यवस्था, हीटवेव तथा मौसमी बीमारियों, गौशाला तथा पशु–पक्षियों, रात्रि चौपाल आयोजन और पौधारोपण की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

भीषण गर्मी के मद्देनजर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों का पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से किसी भी तरह कोताही नहीं बरतने को कहा। श्री नागर ने कहा कि बिजली आपूर्ति में व्यवधान संबंधी शिकायत प्राप्त होते ही कमी सुधारने वाली टीम जल्द से जल्द उपभोक्ता तक पहुंचे।

श्री नागर ने कल रात जयपुर के बनीपार्क स्थित पावर हाउस के केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। ऊर्जा मंत्री ने वहां मौजूद कार्मिकों से 24 घंटे काम कर रहे इस कॉल सेंटर पर मिलने वाली शिकायतों और उनके समाधान के बारे में जानकारी ली।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज शाम पांच बजे घोषित किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए 10 लाख 62 हजार 341 विद्यार्थी पंजीकृत थे। दसवीं कक्षा के साथ ही आज प्रवेशिका का परिणाम भी जारी होगा। इसमें सात हजार 63 विद्यार्थी पंजीकृत थे। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट और डिजी लॉकर पर उपलब्ध होगा।

वहीं शिक्षा विभाग कल आठवीं और पांचवीं बोर्ड का परिणाम घोषित करेगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि इस बार आठवीं बोर्ड में करीब साढे बारह लाख और पांचवीं बोर्ड में 14 लाख 37 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

प्रदेशभर में मिलावट खोरी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। कई स्थानों पर खाद्य तेलों को जब्त किया गया है, तो कहीं पर भारी मात्रा में मिलावटी मसाले और अन्य खाद्य वस्तुएं बरामद की जा रही हैं। इसी कड़ी में कल जयपुर में 36 हजार किलो से अधिक पिसा हुआ मसाला जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि वीकेआई एरिया, छोटी चौपड़, मुरलीपुरा और नया खेड़ा में कई प्रतिष्ठानों पर ये कार्रवाई की गयी और मसाले के नमूने लिए गए।

जयपुर जिले में आज से 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाई जा रही है। 29 जून तक आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ये दवा दी जाएगी। जयपुर द्वितीय मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि बच्चों को साल में दो बार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विटामिन 'ए' आंखों की बीमारियों जैसे रतौंधी और अंधता से बचाव के साथ–साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए भी आवश्यक है। इस खुराक से बच्चों में दस्त और निमोनिया जैसी बीमारियों में कमी लाई जा सकती है।

उधर, भीलवाडा में 2 लाख 63 हजार से अधिक बच्चों और अजमेर में 2 लाख अस्सी हजार बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

जयपुर जंक्शन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के कारण आज से प्लेट फॉर्म नम्बर 4 और 5 पर 71 दिन का मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। इससे इन दोनों प्लेट फॉर्म पर चलने वाली बीस से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशिकरण ने बताया कि छह ट्रेनें रद्द, दस ट्रेनें आंशिक रद्द और दस ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी। वहीं रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 18 जोड़ी ट्रेनों में 36 एसी और नॉन एसी कोच बढ़ाए हैं। रेलवे ने यात्रियों की मांग के अनुसार 36 अतिरिक्त कोच लगाए हैं।